हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, बुधवार 14 मई 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 कोल इंडिया में कई कमेटियां, फिर भी लंबित हैं कर्मियों से जुड़े कई मुद्दे



## खबर संक्षेप

### आठ दिवसीय योग ध्यान शिविर का हुआ समापन

**कोरबा।** आठ दिवसीय योग ध्यान शिविर का समापन सीनियर क्लब सी.एस.ई.बी. कोरबा पूर्व में किया गया। इस शिविर का संचालन 4 मई से 11 मई तक किया गया। इस योग ध्यान शिविर का समापन 11 मई को प्रातः 8 बजे किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में श्री जयदीप गर्ग जिला एवं सत्र न्यायलय कोरबा के न्यायाधीश उपस्थित हुए तथा गुरुकुल योग एवं एक्यूप्रेशर संस्थान कोरबा के योगाचार्य डॉ. डी.के. आनंद के साथ सैकड़ों की संख्या में योगाभ्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री जयदीप गर्ग का स्वागत अनिल कुमार पाण्डे एवं राजेन्द्र अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता सीएसपीडीसीएल कोरबा वेस्ट के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्री जयदीप गर्ग ने कहा कि योग एक वैज्ञानिक पद्धति है इस पद्धति को अपने जीवन में अपने से शरीर स्वस्थ रहता है, प्रत्येक दिन सुबह शाम एक घंटा योगाभ्यास प्राणायाम और ज्ञान की क्रिया करने से कभी भी कोई बीमारी शरीर में नहीं आ सकता है और बुढ़ापे में किसी का सहारा लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथी उन्होंने अपने उद्बोधन में विधिक की भी जानकारी प्रदान किए, न्याय व्यवस्था के बारे में र विस्तृत जानकारी दिए। संविधान की रक्षा करना हम सब की जवाबदारी है, संविधान के जो नियम कायदे हैं, उसको पालन करना समाज के लोगों का कर्तव्य है, उसको पालन करते हुए जीवन को व्यतीत करना चाहिए, अगर व्यक्ति न्याय व्यवस्था को मन करके अपने जीवन में कार्यकर्ता है, उससे मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा।

## चक्काजाम का हो रहा था प्रयास, पुलिस की समझाइश पर मामला हुआ शांत

# मिनी ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर दो की मौत, एक गंभीर



हादसे में मृत युवकों का मौके पर पड़ा शव।



युवकों कोसमझाईश देती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक रेत से भरी मिनी ट्रक के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि तीसरे को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है।

**खास बात**

- बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट शराब भट्टी के पास घटित हुई घटना




दुर्घटनाकारित मिनी ट्रक।

घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर एकत्रित हो गई थी और चक्काजाम करने का प्रयास हो रहा था लेकिन पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और चक्काजाम का प्रयास कर रहे लोगों को किसी तरह समझाइश देकर मामला को शांत कराया गया। वहीं इस हादसे को लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट शराब भट्टी के आगे मंगलवार की दोपहर लगभग 3 बजे मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 11 बीएन 3378 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत दलबल सहित मौके पर पहुंचे जहां घटना स्थल पर एकत्रित लोगों को जो चक्काजाम का प्रयास करने वाले थे जिन्हें समझाइश देकर मामला को शांत कराया गया और पुलिस की टीम ने तत्काल घटनास्थल पर तीनों युवकों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत दो युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे युवक की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की शिनाख्त लेमरू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरईटिकरा निवासी बाबूलाल पहाड़ी कोरवा पिता मझनू, चिरईझुंझ निवासी मुकेश पिता सलिहा के रूप में की गई है, जबकि चिरईझूंझ निवासी धरमू पहाड़ी कोरवा गंभीर रूप से घायल है। वहीं घटना के बाद लालघाट बस्ती में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। बताया जाता है कि इस मार्ग में रेत से भरी मिनी ट्रक के काफी लंबे समय से चल रही है जिससे लगातार इस मार्ग में हादसों का खतरा बना रहता है और इस मार्ग में हादसा हो जाने से एक साथ दो लोगों की मौत हो गई है। जिससे लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

### मिनी ट्रक रेत लेकर सड़कों पर भर रहे फर्राटे

शहर के भीतर हसदेव नदी पर एक भी रेत घाट संचालित नहीं हो रहा है लेकिन यह नाम मात्र के लिए है। शहर के ज्यादातर बंद पड़े रेत घाटों में रेत तस्करों का बोलबाला है। रेत तस्कर बाकायदा रेत तस्करी करने के लिए मिनी ट्रक खरीद कर धड़ल्ले से भीड़ भाड़ वाले इलाकों में तेज रफ्तार में फेरी मार रहे हैं। शहर के नो एंट्री वाले मार्गों में इन्हें आसानी से देखा जा सकता है और लगातार नियमों को ताक पर रखकर परिवहन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा रेत तस्करों के द्वारा बड़ी कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसके चलते इनके हौंसले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं।

### हाईवा ने बाइक को मारी टक्कर एक की मौत, एक गंभीर

सड़क हादसे की दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहरीपारा और भैसमा के बीच घटित हुई है। बताया जाता है कि करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेंदरीपाली निवासी सुनील कुमार पटेल पिता धनीराम पटेल 19 वर्ष और उसका साथी सागर मोटरसाइकिल में सवार होकर मंगलवार की सुबह अपने गृहग्राम सेंदरीपाली से भैसमा कॉलेज जा रहे थे कि सुबह लगभग 11:30 बजे पहरीपारा के आगे पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही हाईवे क्रमांक सीजी 12 बीआर 0828 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे सुनील कुमार पटेल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सागर गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल कालेज में दाखिल कराया गया है। हादसे के बाद पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाईवे चालक के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एल्युमीनियम उद्योग के अपशिष्ट से ग्रेफाइड बनाएगा बालको



**कोरबा।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर एल्युमीनियम उत्पादक, वेदांता एल्युमीनियम ने घोषणा किया कि उसे अपनी ब्रेकथ्रू टेक्नोलॉजी के लिए पेटेंट मिल गया है, जो एल्युमीनियम उद्योग के कचरे से उच्च शुद्धता वाले ग्रेफाइट की रिकवरी को सक्षम बनाता है। यह उपलब्धि इस वर्ष की थीम यंत्र नव प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं त्वरण को आगे बढ़ाने के लिए युगांतर की भावना को दर्शाती है, जो औद्योगिक कचरे को एक रणनीतिक राष्ट्रीय संसाधन में बदलने पर केन्द्रित है।

हमारा देश राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मना रहा है, ऐसे में वेदांता एल्युमीनियम का पेटेंट भारतीय उद्योग की गहन तकनीकी नवाचार क्षमता का प्रमाण है, जो कि आत्मनिर्भर भारत, नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन और नेट ज़ीरो लक्ष्यों जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के संग चल रहा है। पेटेंट प्रक्रिया को वेदांता एल्युमीनियम की इन-हाउस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) टीम ने सीएसआईआर इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एंड मटेरियल्स टेक्नोलॉजी (आईएमएमटी), भुवनेश्वर के सहयोग से विकसित किया है। यह एल्युमीनियम उत्पादन के दौरान उत्पन्न दो अपशिष्ट धाराओं स्पेंट पॉट लाइनिंग (एसपीएल) और शॉट ब्लास्ट डस्ट से बैटरी-ग्रेड ग्रेफाइट को पुनर्प्राप्त यानि रिकवर करता है। यह इनोवेशन न सिर्फ भारत की सर्कुलर अर्थव्यवस्था और स्थिरता प्राथमिकताओं के अनुरूप है, बल्कि यह आयातित ग्रेफाइट पर भारत की निर्भरता को भी काफी हद तक कम करने की क्षमता भी रखता है, जो वर्तमान में 70 प्रतिशत से ज्यादा है। रिकवर्ड ग्रेफाइट ने यह दर्शाया है कि उसमें लिथियम-आयन बैटरी एप्लीकेशंस के लिए उपयुक्त असाधारण विद्युत चालकता और संरचनात्मक गुण मौजूद हैं। इसकी परमाणु संरचना इसे लिथिएशन और डी-लिथिएशन के लिए अत्यधिक प्रभावी बनाती है, जो बैटरी परफॉर्मेंस के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ हैं।



## खबर संक्षेप

### अनाचार कर वसूल लिया पैसा, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। फेसबुक में दोस्ती कर युवती से अनाचार कर पैसा वसूली कर मारपीट करने वाले प्रेमी युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई अभय बैस ने बताया, एक साल पहले क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की फेसबुक में माध्यम से धमतरी निवासी भरत लखवानी से दोस्ती हुई। उसके बाद युवक युवती के घर आने जाने लगा और शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। इस दौरान वह युवती से जरूरत बताकर पैसे भी लेने लगा। युवती शादी करने का दबाव बनाती तो उसके साथ मारपीट करता था। उसके बाद उसने शादी करने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### घर से बुलाकर शिक्षक से मारपीट, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। घर से बुलाकर शिक्षक से मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रघुविहार अशोकनगर निवासी दिनेश सिंह राठौर पिता स्व. उदय राम राठौर शिक्षक एलबी के पद पर शासकीय पूर्व माध्य शाला ग्राम छतौना में पदस्थ हैं। 12 मई को रात्रि में वे घर पर थे। रात 12.10 बजे उनके मोबाइल में फोन कर उनका दोस्त कुलमित्र कालोनी के सामने मिलने बुलाया। वह मिलने गए तो कुलमित्र शराब व सिरगेट पीने के लिए पैसा मांगने लगा।

### कांग्रेस करेगी आज नगर निगम का घेराव

बिलासपुर। नगर निगम के घेराव आंदोलन को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण की कांग्रेस भवन में बैठक हुई। इसमें पार्षद प्रत्याशियों सहित सभी प्रभारी, वार्ड पार्षद उपस्थित रहें। बैठक में अध्यक्ष द्वय ने कहा कि 14 मई को सुबह 11 बजे कांग्रेस भवन से कांग्रेसजन नारेबाजी करते हुए नगर निगम कार्यालय के लिए कूच करेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय व ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि 14 मई को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पानी, बिजली और शहर की साफ-सफाई को लेकर नगर निगम कार्यालय सामने जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। इसके पश्चात जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### रिस्टोर की गई रद्द बिलासपुर-टाटानगर

बिलासपुर। रेल प्रशासन ने रद्द की गई बिलासपुर से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को वापस रिस्टोर कर दिया है। जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल में सेवड़ाफुली जंक्शन-कान्ड़ा जंक्शन के बीच टीआरटी ब्लॉक कार्य 13 से 16 मई को किया जाएगा। इस कार्य के लिए टाटानगर से बिलासपुर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को रद्द किया गया था, जिसे वापस रिस्टोर कर दिया गया है। 13 एवं 16 मई को टाटानगर से रवाना होने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस और 14 व 17 मई को 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस पटरी पर चलाई जाएगी, जिसमें यात्रियों को बुकिंग की सुविधा भी शुरु कर दी गई है।

### कंफर्म टिकिट वाले ही कर सकेंगे प्लेटफार्म तक प्रवेश

बिलासपुर। स्टेशन के प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए यात्रियों को कंफर्म टिकिट ही रखना पड़ेगा। बिना कंफर्म टिकिट के यात्रियों को स्टेशन गेट के बाहर रोक दिया जाएगा। इसका निर्णय रेलवे बोर्ड ने लिया है, जिसकी योजना सभी स्टेशनों के साथ बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में भी जल्द लागू की जाएगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार स्टेशनों पर पूरी तरह से प्रवेश नियंत्रण लागू किया जाएगा। केवल कंफर्म रिजर्वेशन टिकिट वाले यात्रियों को सीधे प्लेटफार्म तक जाने की अनुमति होगी। बिना टिकिट यात्री या प्रतीक्षा सूची टिकिट वाले यात्री बाहर वेटिंग एरिया में रूकेंगे। सभी स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी के लिए बड़ी संख्या में कैमरे भी लगाने के कार्य होंगे। बड़े स्टेशन पर वार रूम विकसित किए जाएंगे। भीड़भाड़ की स्थिति में सभी विभागों के अधिकारी वार रूम में कार्य करेंगे। अत्याधुनिक डिजाइन वाले डिजिल संचार उपकरण जैसे वॉकी टॉकी, अनाउंसमेंट सिस्टम और कॉलिंग सिस्टम भारी भीड़ वाले सभी स्टेशन पर लगेंगे।

पानी को तरसे लोग, नेहरू नगर जोन के अधिकारी उदासीन रवैया अपनाते रहे

# मिनोचा कालोनी में 15 घंटे बिजली बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में बिजली बंद की समस्या विकराल रूप ले रही है। लगातार ट्रांसफार्मर जवाब दे रहे हैं, लो वोल्टेज के चलते उपभोक्ताओं का हाल बेहाल है, इसके बावजूद बिजली अधिकारियों की लापरवाही यह है कि वे फोन तक नहीं उठा रहे हैं। आला अधिकारियों को शिकायत के बाद ही बिजली सप्लाई नार्मल हो रही है। सिटी सर्किल का हाल बेहाल है।

मंगलवार को मिनोचा कालोनी में 15 घंटे तक बिजली बंद रही, सोमवार की रात 11.25 से बंद हुई बिजली अगले दिन 4 बजे के करीब बहाल हो सकी, इस दौरान क्षेत्र में लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि रात में फ्यूज कॉल को शिकायत करने के बाद भी सुबह 10 बजे तक सप्लाई शुरू नहीं की गई, वहीं 10 बजे के बाद कर्मचारी मरम्मत में जुटे, लेकिन सप्लाई बहाल करने की बजाए नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए मरम्मत के समय को बढ़ा दिया गया। जिसके कारण करीब 15 घंटे तक लोग गर्मी से उबलते रहे। खास बात यह है कि इस दौरान लोगों की शिकायत थी कि नेहरू नगर जोन के अधिकारी लापरवाही और उदासीन रवैया अपनाते रहे, उपभोक्ताओं की शिकायत सुनने के बजाए फोन बंद कर दिया। आखिरकार उपभोक्ताओं ने ईडी एके



बेतरतीब तारों की वजह से बिजली सप्लाई हो रही है बाधित।

### वीवीआईपी जोन बेहाल

वीवीआईपी जोन कहे जाने वाले नेहरू नगर जोन का हाल बेहाल है। फ्यूज कॉल में रिस्पांस नहीं मिल रहा है, ना ही कर्मचारी फोन उठा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जेई फैजान खान 95189 20845, 9922013570, एई डीके साहू 9098884587 और ईई सईद मुख्तार 9424421554 का फोन तक नहीं उठता है। ऐसे में क्षेत्र के लोग गर्मी में बिजली की समस्या झेल पर परेशान हो रहे हैं। इन अधिकारियों की शिकायत चीफ इंजीनियर और एमडी से भी की गई है।

अम्बस्ट से इसकी शिकायत की और काम रूकवाया गया, तब जाकर बिजली सप्लाई शुरू की गई। यही हाल दयालबंद का भी रहा, कतियापारा और नारियल कोठी, दयालबंद में बिजली सप्लाई बंद रही, सुबह करीब 9 बजे से 12 बजे तक बिजली बंद होने के कारण कई घरों में पानी नहीं पहुंच सका।

### कलेक्टर से शिकायत

बिजली की समस्या के चलते पानी को मोहताज हो रहे यदुनंदन नगर वार्ड 6 के रहवासियों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात की और बताया कि पिछले 1 माह से बिजली, पानी की समस्या से क्षेत्रवासी त्रस्त हैं। आए दिन हो रही बिजली बंद के चलते जलापूर्ति बाधित हो रही है। कलेक्टर ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### कार्यालय में जेई बैठकर करेंगे ड्यूटी

जोन कार्यालय के एई और जेई घर में बैठकर कार्यालय चला रहे हैं, अधिकारियों को एसी चैंबर में बैठने की आदत पड़ चुकी है, ऐसे में उपभोक्ताओं की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। बिजली बंद होने की दशा में अधिकारी मोबाइल या तो बंद कर देते हैं या फोन नहीं उठा रहे हैं। कार्यपालक निर्देशक एके अम्बस्ट ने कहा है कि गर्मी अधिक है, जिसके चलते बिजली बंद की समस्या भी हो रही है। ऐसे में दोपहर 2 से 10 बजे तक सभी जोन कार्यालय में जेई मौजूद रहेंगें और उपभोक्ताओं की शिकायत का निराकरण करेंगे।

### मिली थी शिकायत

जोन के अधिकारियों की रवैया गैरजिम्मेदाराना है। इसके लिए कसावट लाने की जरूरत है। मिनोचा कालोनी में दिक्कत आई थी, लेकिन ठेकेदार द्वारा इस दौरान ट्रांसफार्मर लगाने का प्रयास किया जा रहा था, बाद में काम रोकवाकर सप्लाई नार्मल कर दी गई है।

**-एके अम्बस्ट,** ईडी, विद्युत विभाग।

# पुराने बस स्टैंड के पास अवैध निर्माण तोड़ा गया



बिलासपुर। नगर निगम द्वारा मंगलवार को पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में अवैध एवं अतिरिक्त निर्माण पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। महुआ होटल वाली जगह पर नगर निगम से अनुमति बिना ही अतिरिक्त निर्माण करा लिया गया था, जिसे आज निगम अमले द्वारा तोड़ा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में होटल महुआ के पास खसरा नंबर 430/9 कुल क्षेत्रफल 73.14 वर्गमीटर जमीन पर निर्माण किया जा रहा था। निगम ने दौलतराम चौधरी नामक व्यक्ति को केवल ग्राउंड फ्लोर में 42.24 वर्गमीटर निर्माण की अनुमति दी थी। इसके साथ ही सामने 4.5 मीटर और पीछे 1.5 मीटर खुला क्षेत्र छोड़ने की शर्त भी निर्धारित की गई थी। इसके बावजूद अनुमति से अधिक 14.08 वर्गमीटर अतिरिक्त निर्माण ग्राउंड फ्लोर पर कर लिया गया। यही नहीं, प्रथम और द्वितीय तल पर भी बिना स्वीकृति के 64.40 वर्गमीटर का निर्माण कर लिया गया था। इसके बाजवूद निगम द्वारा कोई ठोस या कठोर कार्रवाई नहीं की गई थी। इस क्षेत्र में रामचन्द्र लालचंदानी और महक आहूजा नामक व्यक्ति के अवैध निर्माण पर पिछले दिनों कार्रवाई की गई थी।

आज नगर निगम की टीम बुलडोजर सहित मौके पर तोड़फोड़ की कार्रवाई करने पहुंचा और अतिरिक्त निर्माण को तोड़ा गया।

# टैंकर से 350 लीटर डीजल पार

बिलासपुर। बीती रात टैंकर ड्राइवर सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर सो गया। इधर स्कार्पियों सवार सर्विस टंकी का लॉक तोड़कर 350 लीटर डीजल चोरी कर भाग गए। पुलिस डीजल चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

कोनी पुलिस के अनुसार, रायपुर विधानसभा पचपेड़ा निवासी शेख कलिमुद्दीन पिता शेख सहिमुद्दीन ड्राइवर का काम करते है। 12 मई वह पेट्रोल डीजल टैंकर क्रमांक सीजी 04 पीटी, 8504 को रायपुर मंदिर हसौद से लोड़कर अम्बिकापुर जा रहे थे। रात्रि होने से गतौरी आरवी पेट्रोल पंप के सामने गाड़ी खड़ी कर केबिन में सो गए। देर रात स्कार्पियो से सवार आए और उसके केबिन के दरवाजे को बारह से रस्सी से बांधकर सब्बल से गाड़ी के सर्विस टंकी का लॉक तोड़कर 350 लीटर डीजल चोरी कर भाग गए। 13 मई की सुबह 4 बजे पेट्रोल पंप के कर्मचारी ने उन्हें जगाकर घटना की जानकारी दी। ड्राइवर ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धार 305 बी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

- पुलिस डीजल चोरों का सुराग नहीं लगा पाई

ज्ञात हो कि लंबे समय से नेशनल हाइवे में डीजल चोर गिरोह सक्रिय होकर खड़ी वाहनों से डीजल चोरी कर भाग जा रहे हैं। लगातार वारदात के बाद में भी पुलिस डीजल चोरों को नहीं पकड़ पा रही है।

### केकरार जलाशय में जुआ खेलते पकड़े गए दो जुआरी

बिलासपुर। पुलिस ने सकरी क्षेत्र के केकरार जलाशय के पास घेराबंदी कर फड़ में छापा मारकर जुआ खेलते दो जुआरियों को पकड़ लिया है। वहीं अन्य जुआरी मौका पाकर भाग निकले हैं। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। सकरी पुलिस को सूचना मिली लाखासार केकरार जलाशय में बड़ी संख्या में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस मौके पर गई तो जलाशय सुखा होने से जुआरी अंदर में बैठकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए फड़ में दबिश देकर जुआ खेलते बजरंग उर्फ ननकी राजपूत पिता ढलगन राजपूत 40 साल लाखासार, साधराम साहू पिता विश्राम साहू 33 साल लाखासार निवासी को पकड़ लिया है। वहीं अन्य जुआरी पुलिस को दूर से देखकर भाग निकले। पकड़े गए जुआरियों से 9 हजार 300 रुपए व ताशपत्ती जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार करने के बाद मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

### सिम्स में मना नर्सिंग डे स्टाफ को दिलाया संकल्प

बिलासपुर। नर्सिंग डे के अवसर पर सिम्स अस्पताल और मेडिकल कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सिम्स में कार्यरत नर्सिंग सिस्टम व कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। डीन द्वारा नर्सिंग स्टाफ को सेवा भावना से काम करने का संकल्प दिलाया गया। डा. मूर्ति ने कहा कि जहां डाक्टरों को भगवान का दर्जा दिया जाता है, वहीं नर्सिंग स्टाफ डाक्टरों की सबसे बड़ी सहायिका है, बिना नर्सिंग स्टाफ के अस्पताल का परिचालन करना नामुमकिन है।

टीआई – तहसीलदार विवाद

# डीजीपी से टीम बनाकर निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तहसीलदार से दुर्व्यवहार व मारपीट के मामले में टीआई तोप सिंह नवरंग को क्लीन चीट देकर उनकी कोटा थाने में पोस्टिंग कर दी गई है। इससे एकबार फिर मामला गर्मा गया है। तहसीलदार ने डीजीपी से लिखित शिकायत कर रायपुर में जांच टीम बनाकर निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

बस्तर जिले के करपावंड में पदस्थ नायब तहसीलदार पुष्पेंद्र मिश्रा का आरोप है कि उनके केस की जांच करने वाले 3 एडीशनल एसपी ने टीआई तोप सिंह नवरंग को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने डीजीपी से मामले की शिकायत करते हुए कहा है 17 नवंबर को तत्कालीन सरकण्डा टीआई नवरंग के द्वारा मारपीट, दुर्व्यवहार, अभ्रदता, गाली गलौज, एवं पद का दुरूपयोग कर झूठा एफआईआर दर्ज करने की धमकी दी गई। कलेक्टर बिलासपुर के लिए भी अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया। विभागीय जांच में कई बिन्दुओं को पुलिस अधिकारी होने के कारण की गई विभागीय जांच समिति द्वारा नजरअंदाज कर टीआई नवरंग को बचाने का प्रयास किया गया है। जांच अधिकारियों द्वारा शिकायत के बिन्दुओं को प्रमाणित नहीं पाया जाना उल्लेख कर स्पष्ट रूप से बचाने का प्रयास किया गया है। सही तरीके से जांच न कर पुलिस अधिकारों का गलत प्रयोग कर जांच को भटकाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने डीजीपी से पुलिस मुख्यालय रायपुर से जांच कमेटी का गठन कर मामले की निष्पक्षता से जांच की मांग की है।

### बदला लेने कोटा थाना भेजा गया

नायब तहसीलदार श्री मिश्रा ने आरोप लगाया टीआई नवरंग की बदला लेने के लिए कोटा थाना पोस्टिंग की गई, जहां उनका भाई पदस्थ है। उन्होंने एडीशनल एसपी आईयूसीएडब्ल्यू गिरमा द्विवेदी, एएसपी उदयन बेहार, एएसपी सिटी राजेनद्र जायसवाल पर टीआई नवरंग को बचाने का आरोप लगाया है।

### क्या था मामला

17 नवंबर 2024 को नायब तहसीलदार श्री मिश्रा भाई के साथ रेलवे स्टेशन से घर जा रहे थे। अशोकनगर के पास तीन सवारी चलने का आरोप लगाते हुए उन्हें पेट्रोलिंग पार्टी ने रोक लिया। उन्होंने अपना परिचय देते हुए नायब तहसीलदार होना बताया। उसके बाद भी सिपाहियों ने हुज्जतबाती की। उसके बाद वे पुलिस गाड़ी में बैठाकर सरकण्डा थाना लेकर गए। थाने में टीआई नवरंग के द्वारा उनके साथ हुज्जतबाजी की गई थी। शिकायत पर टीआई को नवरंग को लाइन अटैच कर जांजगीर जिला भेज दिया गया था।





बसने से पहले ही उजड़ गया बाजार | शासन के कई करोड़ बर्बाद | जिले में बनाई गई थीं सैकड़ों दुकानें

# निर्माण के 10 साल बाद भी नहीं बन सका आबंटन का नियम, अटल बाजार बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई सरकार की अटल बाजार योजना आबंटन नियमों की जटिलता की भेंट चढ़ गई। योजना के अंतर्गत पंचायतों में दस-दस दुकानों के भव्य व्यावसायिक कांप्लेक्स तो बनकर तैयार हो गए, लेकिन निर्माण के दस-दस साल बाद भी इसके आबंटन की दिशा तय नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप बाजार बसने से पहले ही उजड़ गया और सरकार के करोड़ों रूपए बर्बादी की भेंट चढ़ गए।

स्वयं के व्यवसाय की चाहत रखने वाले गांव के युवाओं को दुकान आबंटित कर स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से अटल बाजार योजना लागू की गई थी। शर्मनाक बात यह है कि जिले की पंचायतों में अटल बाजार व्यावसायिक कांप्लेक्स का निर्माण हुए करीब दस साल से भी अधिक हो चुके हैं, लेकिन अब तक इनका आबंटन नहीं किया जा सका है, लिहाजा दुकानें बर्बाद हो चुकी हैं।



अटल बाजार व्यावसायिक परिसर का निर्माण 2008-09 से प्रारंभ किया गया था। बीआरजीएफ योजना से इसके लिए राशि का प्रावधान किया जाता था। वर्ष 2014-15 के आते-आते बीआरजीएफ योजना बंद हो जाने के कारण समग्र विकास योजना से राशि की व्यवस्था की जाने लगी। इसके अंतर्गत पांच दुकानों के निर्माण के लिए 8 लाख 92 हजार रूपए प्रावधानित किए गए थे। इस राशि से न केवल दुकानें, बल्कि 50 मीटर नाली व दुकान के आसपास कांक्रीटीकरण भी करना प्रस्तावित था। योजना की शुरूआत में अविभाजित बिलासपुर जिले में मुंगेली व गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में सैकड़ों दुकानें बनाई गईं हैं। बिलासपुर में ग्राम पंचायत नगोई में दस दुकानों का कांप्लेक्स तैयार किया गया है, लेकिन आबंटन के अभाव में अब ये दुकानें टूटने की स्थिति में पहुंच चुकी हैं। कई दुकानों के शटर तोड़कर चोरी कर लिए गए हैं। बहतराई पंचायत के कांप्लेक्स का भी यही हाल है। दस दुकानें यहां भी बनाई गई हैं, लेकिन दस साल बाद भी न केवल खाली, बल्कि टूटने की कगार पर हैं।

इसी तरह मोपका, लिंगियाडीह, मंगला, सेलर, बैमा, पौंसरा, बरतोरी, लोखंडी व घुटकू सहित सौ से भी अधिक पंचायतों में कांप्लेक्स तैयार किए गए हैं, जो लापरवाही की भेंट चढ़ चुके हैं।

### ऐसे होना था आबंटन

व्यावयायिक परिसर की दुकानों को दो तरीके से से आबंटित करना था। पहला तरीका दुकानों को नीलामी करके 25 साल की लीज पर युवाओं को बिक्री करना था। नीलामी नहीं होने की हालत में दुकान आबंटन का दूसरा तरीका यह था उन्हें युवाओं को किराए पर दे दिया जाए। किराए की दर पंचायतों के प्रस्ताव के आधार पर जनपद द्वारा तय की जानी थी, जो आज तक लंबित है।

### जांच करवाई जाएगी

योजना बहुत अच्छी थी, जिसे नियमानुसार आबंटित करना था। कुछ पंचायतों में आबंटन हुआ है और लोग दुकान चला भी रहे हैं। शेष पंचायतों में दुकानों के आबंटन न हो पाने व दुकानों की जर्जर हालत की जांच करवा लेते हैं।

**- संदीप कुमार अग्रवाल,** सीईओ जिला पंचायत

### इसलिए नहीं हो पाया आबंटन

नीलामी के लिए दुकानों की लागत का मूल्यांकन जरूरी था, ताकि शासन द्वारा दुकानों पर खर्च की गई राशि की वसूली की जा सके। इसके लिए आरईएस विभाग से मूल्यांकन की कॉपी की जरूरत थी। आरईएस विभाग ने इन दुकानों का निर्माण करीब दस साल पहले किया था, जिससे इसके मूल्यांकन की कॉपी नहीं मिल सकी। कुल मिलाकर दुकानों की न तो नीलामी हो सकी और न ही किराए पर ही दी जा सकीं हैं।

# गर्मी में जनरल व स्लीपर खाली, एसी फुल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी में जनरल और स्लीपर कोच खाली-खाली जा रहे हैं, लेकिन एसी कोच में बर्थ के अनुसार यात्रियों की संख्या बनी है। इसके कारण एसी फर्स्ट से लेकर एसी थ्री में सफर करने के लिए कई लोगों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल पा रही है। वहीं सुबह से दोपहर में चलने वाली गाड़ियों के जनरल व स्लीपर कोच में यात्री भी जाना पसंद नहीं कर रहे हैं।

दोपहर की तेज धूप के कारण स्लीपर और जनरल के कोच भी ऊपर से गर्म हो जा रहे हैं, जिसकी वजह से कोच के अंदर बैठकर सफर करने वाले यात्रियों की हालत भी बिगड़ने लगी है। इस तरह की परेशानी लोकल, पैसेंजर के अलावा एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों के स्लीपर एवं जनरल कोच के यात्रियों को हो रही है। सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट में आगे और पीछे मिलाकर चार जनरल कोच और 11 से 12 स्लीपर कोच में सफर करने वाले यात्रियों की हालत पिछले कुछ दिनों से काफी खराब हो गई है। सुबह से शाम तक भीषण गर्मी के साथ तेज धूप और चलती ट्रेन में गरम हवाओं के थपेड़ों की वजह से यात्री परेशान होने लगे हैं। इसकी वजह से अब ज्यादातर यात्रियों की पहली पसंद एसी कोच हो गई है। एसी थ्री, एसी सेकेंड और एसी फर्स्ट में ज्यादा किराया लगने के बावजूद 50 से 75 फीसदी यात्री एसी कोच में बुकिंग करने लगे हैं, जिसके कारण कई लोगों को कंफर्म बर्थ मिलना भी मुश्किल हो गया है। मजबूरी में यात्रियों को सफर करने के लिए स्लीपर कोच की बुकिंग करनी पड़ रही है। इसका नतीजा यह हो गया है कि स्लीपर की तरह अब एसी कोच की वेटिंग भी बढ़ गई है।

# झुलसा रही गर्मी, बादल की आवाजाही से बदल सकता है मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी ने बेहाल कर रखा है, सुबह 10 बजे के बाद बाहर निकलने वालों को गर्मी के प्रचंड तेवर के आगे झुलसाना पड़ रहा है, लेकिन शाम होते-होते बादलों की आवाजाही भी हो रही है, जिससे मौसम का मिजाज बदलने की उम्मीद लग रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों के भीतर अंधड़ चलने की आशंका है और दिन के समय तापमान भी बढ़ सकता है। प्रदेश सहित जिले में गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है, इस



दौरान रायपुर और बिलासपुर में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ रही है। गर्मी के चलते शाम 7 बजे तक लू चल रही है, लू के प्रभाव में आने के कारण लोगों की तबीयत भी बिगड़ रही है, पेट दर्द, बुखार और अन्य बीमारी के चलते डाक्टरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इस दौरान न्यूनतम तापमान भी बढ़ चुका है। जिसके चलते दिन के साथ ही रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार बिहार और झारखंड से जुड़ी द्रोणिका रेखा, पश्चिमी विक्षोभ और अन्य मौसमी तंत्रों के प्रभाव के चलते प्रदेश में मौसम में बदल सकता है।

### सिनॉप्टिक सिस्टम का प्रभाव

पंजाब और आस-पास के क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर चक्रवाती परिसंचरण के रूप में सक्रिय है। द्रोणिका 5.8 किमी की ऊंचाई तक फैली हुई है। अन्य द्रोणिका बिहार के मध्य भाग से दक्षिण झारखंड तक विस्तारित है, जो 1.5 किमी की ऊंचाई तक है। साथ ही कुछ स्थानों पर 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने और बिजली गिरने की आशंका बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### कॅरियर पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**कोरबा।** कॅरियर पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं में परिणाम इस साल भी उत्कृष्ट रहा है। कक्षा 10वीं में 43 एवं 12वीं की परीक्षा में 43 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती किरण तिवारी ने कहा कि कक्षा 10वीं में लिलीमा नायक ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम, श्रेयांश अग्रवाल 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय व प्रियांशी सिंह ने 79.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 12वीं में नवीन साहू ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम, राधिका जोशी ने 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय, मो. इमराना अली अंसारी ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान तथा संस्कार शुक्ला ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

### आईटीआई कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कल

**कोरबा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 15 मई को प्रातः 9.30 बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट नीरवैलूर कांचीपूरम तमिलनाडू द्वारा तकनीशियन पद व्यवसाय विद्युतकार, वायरमेंन, वेल्डर, प्लंबर, कारपेंटर, फिटर, मेशन/ड्राफ्टसमेन सिविल, सर्वेयर, मोल्डर, शीट मेटल वर्कर, फायर टेक्नॉलाजी एण्ड इडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट के 30-30 पद की भर्ती की जाएगी। संबंधित व्यवसाय से आईटीआई उत्तीर्ण इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज एवं दो सेट फोटो कापी तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित होकर कैंप का लाभ उठा सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ी परिवेश को जीवंत करती मोर छइयां भुइयां : सतीश



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ी सिनेमा में छत्तीसगढ़ी फिल्म मोर छइयां भुइयां की तीसरी कड़ी मोर छइयां भुइयां 3 जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। निर्देशक सतीश जैन के निर्देशन में बनी यह फिल्म छत्तीसगढ़ी संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक संदेशों का शानदार मिश्रण है, जो दर्शकों को एक बार फिर सिनेमाघरों की ओर खींचने का वादा करती है। प्रेसवार्ता के दौरान निर्देश सतीश जैन ने बताया कि कलाकारों ने बताया की यह एक पारिवारिक ड्रामा और एक्शन से भरपूर फिल्म है, जो छत्तीसगढ़ी परिवेश को जीवंत करती है। विगत दिनों रिलीज हुए गानों ने दर्शकों द्वारा खूब पसंद किये जा रहे फिल्म का ट्रेलर भी धूम मचा रहा है। फिल्म में मुख्य नायकों की भूमिका में मन कुरैशी, दीपक साहू और लक्षित झांजी नजर आएंगे। जबकि नायिकाओं के रूप में ऐल्सा घोष, ऋचा दीक्षित, दीक्षा जायसवाल, और इशिका यादव दर्शकों का दिल जीतने को तैयार हैं। खलनायकों की भूमिका में नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, और धर्मेंद्र चौबे दमदार अभिनय के साथ कहानी में रोमांच जोड़ेंगे। फिल्म में अन्य उल्लेखनीय कलाकारों में सुपर स्टार प्रकाश अवस्थी, सुरेश गोडाले, मनोज जोशी, अंजली सिंह, सुमित्रा साहू, संजय महानंद, पूरन किरी, उपासना वैष्णव, अनुराधा दुबे, विवेक चंद्रा, शीतल शर्मा, और छोटे लाल साहू सहित कई प्रतिभाशाली चेहरे शामिल है। कुल 40 से अधिक कलाकारों की मौजूदगी इस फिल्म को एक भव्य प्रस्तुति बनाती है।

### सीईओ ने ली बैठक, अपेक्षा की कसौटी पर खरा उतरने पर दिया जोर



**कोरबा।** जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित की कोरबा शाखा परिसर में मंगलवार को बैठक रखी गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुशील सोढ़ी ने यहां पर किसानों को दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधा और बैंक के प्रदर्शन को लेकर संवाद किया। बैंक के शाखा प्रबंधक और पर्यवेक्षकों से अपेक्षा की गई कि वह नीतिगत रूप से अच्छा कार्य संपादन कर परिणाम देंगे। बैठक में खास तौर पर रही । पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार मंगलवार को आयोजित की गई इस बैठक में जिले कि छः ऋण शाखाओ के शाखा प्रबंधको,पर्यवेक्षको की उपरोक्तानुसार विषयो पर समीक्षा की गई । मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा बैठक के अंतर्गत परस्पर संवाद करते हुए कार्य प्रदर्शन और पूर्णता हेतु कड़ाई से परिपालन सुनिश्चितता हेतु निर्देश दिए गये। इस बैठक में खरीफ सीजन वर्ष 2025 के लिए खाद, बीज भंडारण/वितरण, ऋणवितरण, धान उपार्जन लेखा मिलान, एटीएम कार्ड वितरण,माइक्रो एटीएम ट्रांजक्शन,समिति पुनर्गठन को लेकर भी मंत्रणा की गई। पैक्स कंप्यूटराइजेशन, प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड ,फसलचक्र परिवर्तन, सुशासन तिहार, परमिट, साप्ताहिक समायोजन को लेकर भी अधिकारी ने जानकारी ली और आवश्यक मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा की जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित से सरकार और हितग्राहियों की काफी अपेक्षाएं हैं।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित : 10वीं में एनटीपीसी व बालको डीपीएस के छात्र रहे टॉपर

# 12वीं में न्यू ऐरा और बालको डीपीएस के छात्र रहे सर्वश्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 10वीं, 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए गए। मंगलवार घोषित परिणाम में जिले में संचालित सीबीएसई बोर्ड के शिक्षण संस्थाओं में एनटीपीसी डीपीएस एवं डीपीएस बालको के कक्षा 10वीं के छात्रों ने 98.4 प्रतिशत अंक के साथ टॉपर रहे। वहीं 12वीं में न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव व बालको डीपीएस के छात्रों ने बाजी मारी। जिले में सीबीएसई बोर्ड की शिक्षण संस्थाएं एनटीपीसी डीपीएस, बालको डीपीएस, केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा, केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी, सेंट जेवियर्स स्कूल, न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल, सेंट पैलोटी, सेंट फ्रांसिस सहित डीएवी एसईसीएल कुसमुंडा, कोरबा सहित इंडस पब्लिक स्कूल संचालित हैं। इनके छात्र सीबीएसई के घोषित परीक्षा परिणाम में उच्चतम अंक लेकर स्थान बनाने में सफल रहे हैं।

### बालको डीपीएस के परीक्षा परिणाम


स्वर्निल राय


उर्वि साहू


नीलय पोपटानी


हृदय चावलानी

सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणाम में कामर्स संकाय से नीलय पोपटानी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉपर रहे। इसके अलावा हृदय चावलानी ने 94.6 प्रतिशत, पंखखुड़ी बजाज 93.8 प्रतिशत, सक्षम अग्रवाल 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी तरह विज्ञान संकाय में तनिष्क कुमार चंद्रा 93.2 प्रतिशत, अद्वितीय प्रजापति 92.6 प्रतिशत, रमा श्रीवास 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा 10वीं में स्वर्निल राय 98.4 प्रतिशत, उर्वि साहू 98 प्रतिशत, श्रुति अग्रवाल 97 प्रतिशत, शबद प्रताप 97 प्रतिशत, प्रज्ञा कौशिक 96.4 प्रतिशत, अभिनव आनंद 96.2 प्रतिशत, शिवांश अग्रवाल 96.2 प्रतिशत, हर्षित अग्रवाल 95 प्रतिशत, आरव वर्मा 94.8 प्रतिशत, आव्या अग्रवाल 94 प्रतिशत, प्रशांत सिंह 94 प्रतिशत, मोह नूर 94 प्रतिशत, शायमा खान 93.8 प्रतिशत, प्रियंका मनवानी 92.6 प्रतिशत, अक्षर अग्रवाल 94.4 प्रतिशत, हर्षिता सिंह 92.2 प्रतिशत, शुभम चंद्रा 92 प्रतिशत, दिव्यांश 91.8 प्रतिशत , उदय गुप्ता 91.8 प्रतिशत, सुजाता नायक 91.4 प्रतिशत, अरव गर्ग 91.2 प्रतिशत, काव्य चावलानी 90.6 प्रतिशत, लविशा चौधरी 90.6 प्रतिशत, अनवेश 90.6 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में कक्षा 10वीं के ऋषभ मिश्रा ने 95 प्रतिशत 12वीं की छात्रा प्रकृति दूबे ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट अंक पाने वाली छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई देते प्राचार्य।

सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं के ऋषभ मिश्रा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है, साथ ही रजत देवांगन 94 प्रतिशत, ऋषभ पांडेय 94 प्रतिशत, साई स्वस्तिका रथ 93 प्रतिशत, दीक्षा दीवान 92.6 प्रतिशत, राहुल कुमार कैवारी 91.8 प्रतिशत, विधि अग्रवाल 91.2 प्रतिशत, मोमिता देवांगन 90.8 प्रतिशत, श्रेया साहू 90.8 प्रतिशत, रूद्र कश्यप 90.6 प्रतिशत, कान्हा त्रिपाठी 90 प्रतिशत, आर्या पाठक 90 प्रतिशत, काव्या रवि 90 प्रतिशत, सृष्टि लकरा 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी तरह कक्षा 12वीं में प्रकृति दूबे ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। अनुश्री भगत 92 प्रतिशत, निर्जला मराठा 90 प्रतिशत एवं पृथ्वी कुमार 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये एवं विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय एवं ह्यूमैनिटी संकाय से कुल 13 छात्र -छात्राओं ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया ।



कक्षा 10वीं की छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए।

### इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा में इंडस पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के होनहार छात्रा आदित्य दुबे ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं 90 प्रतिशत अंकों के साथ राशि कन्नौजिया द्वितीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार चंद्रन पिल्लै 88 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय एवं 87 प्रतिशत अंकों के साथ राजनंदिनी भार्गव चतुर्थ स्थान पर रहे। हर्षित एवं तमन्ना सिंधु ने 81 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से पांचवां स्थान अर्जित किया एवं सौभाग्य रंजन बेहरा एवं कृष्णा पटेल दोनों ने 80 प्रतिशत अंक हासिल कर छठवां स्थान प्राप्त किया। इसी तरह दसवीं कक्षा में अध्यनरत विद्यार्थियों में अधिकतर विद्यार्थी ने प्रथम श्रेणी में पास होकर विद्यालय को किया गौरन्वान्वित विद्यालय के यश कश्यप ने 90.7 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम रहे, सुहान सिंह 88 प्रतिशत के साथ द्वतीय तृतीय वैष्णवी कंवर 87.3 प्रतिशत चतुर्थ ऋषभ सिंह 83.2 प्रतिशत, आदित्य मरावी 81.7 पंचम स्थान व 80.7 प्रतिशत अंक के साथ संगम सिहाग षष्ठम स्थान पर रहे।विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय की स्थापना से आज पर्यंत विद्यालय ने बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम दिया है और आगे भी बेहतर परिणाम देने हेतु हम कटिबद्ध हैं।


आईपीएस के टॉपर विद्यार्थी प्राचार्य के साथ।

### न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा


स्कंद रावते


दिव्यांश तिवारी

न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल का दसवीं एवं 12वीं का परिणाम इस वर्ष उत्कृष्ट रहा। 10वीं में कुल 174 एवं 12वीं में 131 छात्र शामिल हुए। 12वीं परीक्षा का परिणाम 96 प्रतिशत रहा वहीं 10वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 12वीं से 13 छात्रों एवं 10वीं से 25 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। दसवीं के संस्कृत विषय में कुल 28 छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 12वीं में स्कंधा रावटे ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में टॉप किया वहीं 10वीं में साक्षी बंसल, दिव्यांश तिवारी एवं रोज फ्रांसिस ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शाला के चेयरमेन किशोर कुमार साहू, डायरेक्टर दिलीप कुमार साहू, प्राचार्य डीएस राव एवं प्रधानपाठक जगजीत सिंह भट्टी ने छात्रों को बधाई दी।

### निर्मला की काव्या ने 12वीं में 92 प्रतिशत अंक की हासिल


काव्या शुक्ला

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में कोरबा जिले के निर्मला हाई सेकेंडरी स्कूल इंग्लिश मीडियम की छात्रा काव्या शुक्ला ने बायोलॉजी ग्रुप में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में टॉप किया है। काव्या शुक्ला के इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल उनके स्कूल बल्कि पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ा दी है। काव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा मेरे माता-पिता और शिक्षकों का अटूट विश्वास और समर्थन मेरे लिए सबसे बड़ा सहारा रहा है। उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की।

### केवी 2 एनटीपीसी का परीक्षा परिणाम

कक्षा 12वीं में मयूराकाक्षी 92.2, ख्याति भोसले 89.4,श्रेयांस प्रभात 88.6, वाणिज्य संकाय से लीमशा राजेश 92.2, महिमा राठौर 92, सबीना खान 81 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। इसी तरह कक्षा दसवीं में दीपशिक्षा सिंह 94.22. रुपांशी साहू 92.8, भावन जांगड़े 90.4 एवं वीवान एनवी ने 90.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रौशन किये हैं।


ख्याति भोसले


मयूराक्षी


लिम्सा राजेश


महिमा राठौर

### डीएव्ही कोरबा के 10वीं और 12वीं की परीक्षा परिणाम घोषित

डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं के कुल 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया। जिसमें सौम्य देवांगन-96.60 प्रतिशत प्रथम, अक्षदा चौरसिया-95.40 प्रतिशत द्वितीय तथा अनिरुद्ध पाल-94.60 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह अमनदीप चौधरी-94 प्रतिशत, श्रिया रात्रे-91.80 प्रतिशत, प्राची घोष-91.20 प्रतिशत, अलायिना फातिमा 90.80 प्रतिशत, प्रिया कश्यप 90.40 प्रतिशत, लावण्या सिन्हा-90.20 प्रतिशत, प्रिया नाग 90.20 प्रतिशत एवं सार्थक पवार ने 90.00 प्रतिशत, अंक अर्जित किया। वहीं कक्षा 12वीं सीबीएसई की परीक्षा में कुल 5 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। वाणिज्य संकाय से वंशिका उपाध्याय-97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, नितेश मिश्रा-95. प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा स्नेहा दास 92.20 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे तो वहीं विज्ञान संकाय से ओईशिकी शाहा 93.80 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, इलिका बाला-91.80 अंकों के साथ द्वितीय तथा शुभी अग्रवाल 88 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इस तरह कक्षा 12वीं में विद्यालय का 98.63 प्रतिशत परिणाम रहा जबकि 10 वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

### एनटीपीसी डीपीएस की दसवीं में श्यान देय व तनवी रहे टॉपर

एनटीपीसी डीपीएस के परीक्षा परिणाम में श्यान देय एवं तनवी मनीष टिकरिया ने 98.4 प्रतिशत अंक लेकर जिले में टापर रहे। इनके अलावा आदित्य मिश्रा 97.4, आर्यन आर नायर 95.8, अश्ररा सिंह 95.6, पवन श्रीवास्तव एवं यश दुबे 95.2, रितिका श्रीवास्तव 94.8, श्रृष्टि वर्मा 94.6, आर्या अग्रवाल, हर्षित कुमार 94.4, अविका पटेल, सिवेंद्र कुमार, अनुष्का गुप्ता, शिवांशु गुप्ता ने 94.2 अंक प्राप्त किए हैं।


तन्वी मनीष


श्यान डे


आदित्य मिश्रा


पी अथर्व

# कोरबी के समाधान शिविर में 4 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम कोरबी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कोरबी, सरमा, तनेरा, पुटीपखना, हरदेवा, पाली, बुढ़ापारा, कुल्हारिया, खम्हारमुड़ा, झिनपुरी एवं मिसिया ग्राम पंचायतें शामिल रहीं। इस शिविर में कुल 4126 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2320 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण कर दिया गया।

शिविर के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह ने सौर ऊर्जा विभाग को कोरबी चौकी में सोलर लाइट लगवाने हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने तेंदूपत्ता संग्रहण कर रहे श्रमिकों को हाथियों से सावधानी बरतने की अपील भी की। शिविर में शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र, जनपद पंचायत द्वारा 6 हितग्राहियों को राशन कार्ड व 5 को जॉब कार्ड, कृषि विभाग द्वारा 1 हितग्राही को मोटर पंप का वितरण किया गया। इसी तरह विकासखंड पाली के ग्राम माखनपुर में आयोजित शिविर में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई और हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।


शिविर में सामाग्री वितरण करते जिपं अध्यक्ष।

### उरगा में शिविर आज

14 मई को विकासखंड कोरबा के ग्राम उरगा कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत उरगा, पहंदा, पताढ़ी, खोड्डल, मसान, कुकरीचोली, तिलकेजा, सेमीपाली, अखरापाली, कुदुरमाल, देवरमाल, बरीडीह और कटबितला हेतु हाई स्कूल भवन उरगा में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

### स्वास्थ्य शिविर आज

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वयोवृद्ध लोगों के स्वास्थ्य जॉच हेतु 14 मई को कोरबा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भैसमा, कटघोरा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चाकाबुड़ा, करतला ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फरसवानी, पोंड़ीउपरोड़ा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरमिना एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालपुर, पाली ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबी और शहरी क्षेत्र में यूपीएचसी ढोढ़ीपारा में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# आंधी और आकाशीय बिजली ने शहर के ट्रैफिक सिग्नल की बिगाड़ी चाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आंधी व आकाशीय बिजली लगातार आम जन जीवन को प्रभावित कर रहा है तो वहीं आकाशीय बिजली और आंधी की वजह से शहर के मुख्यमार्ग में लगे ट्रैफिक सिग्नल की भी चाल बिगड़ गई है और ट्रैफिक सिग्नल के बंद हो जाने से यातायात पुलिस को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते ही जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। तीन दिन पूर्व मौसम के अचानक करवट बदलने से ही तेज आंधी बारिश शुरू हो गई थी और तेज आंधी बारिश इतनी तेज हुई थी कि कई जगह के पेड़ धराशाई हो गए थे तो कई छज्जे गिर गए थे। भारी जन जीवन को अस्त व्यस्त हो गया था। आकाशीय बिजली और आंधी बारिश की वजह से शहर के टीपी नगर चौक व निहारिका का चौक का ट्रैफिक सिग्नल ध्वस्त हो गया है। पिछले तीन दिनों से दोनों चौक चौराहों का ट्रैफिक सिग्नल बंद पड़ा हुआ है जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चल नहीं पा रही है।

**खास बात**

- शहर के सबसे व्यस्ततम टीपीनगर चौक व निहारिका चौक का सिग्नल पिछले तीन दिनों से खराब

खास तौर पर शाम होते ही शहर के टीपी नगर चौक और निहारिका चौक में आमजनों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आम लोगों को किसी तरह के परेशानी ना हो इसके लिए शहर के टीपी नगर चौक में यातायात पुलिस द्वारा दो-दो जवानों की ड्यूटी लगाई जा रही है लेकिन इसके बाद भी व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पा रही है।

बताया जाता है कि राघव कंपनी द्वारा शहर के चौक चौराहों में लगे ट्रैफिक सिग्नल की देखरेख की जाती है ट्रैफिक सिग्नल का सिस्टम में तकनीकी खामी होने की वजह से कुछ दिक्कत आ रही है। जिसे अंबिकापुर से पाट्र्स को मंगाया गया है जिसके आने के बाद उसे लगाया जाएगा और ट्रैफिक सिग्नल को दुरुस्त किया जा सकेगा।




# पीएम आवास योजना में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : अजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्य प्राथमिकता से किए जाएं। आवास निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**खास बात**

- कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने लोक सेवा केंद्र अंतर्गत प्राप्त जाति, निवास,आमदनी सहित अन्य प्रमाणपत्रों के आवेदनों को समय-सीमा में जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि स्कूली विद्यार्थियों सहित आंगनबाड़ी केंद्र से इस सत्र में विद्यालय जाने वाले आरक्षित वर्ग के बच्चों का जाति प्रमाणपत्र शीघ्र बनाए जाए। कलेक्टर ने विभागीय जांच के प्रकरणों में हुई कार्यवाही की जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने स्कूलों और शिक्षकों के युक्ति युक्तकरण की कार्यवाही को पारदर्शिता के साथ शासन के निर्देशानुसार समय सीमा में करने के निर्देश डीईओ को दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड, वयवन्दन कार्ड की समीक्षा करते हुए वयवन्दन कार्ड में आधार अपडेटेशन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आरबीसी 6-4 अंतर्गत मृत्यु दिनाँक से सात दिवस के भीतर प्रकरण दर्ज करने और पीड़ति को समय पर मुआवजा वितरण के निर्देश दिए। उन्होंने बाल सम्प्रेषण गृह के संचालन और पहुँच मार्ग के संबंध में नगर निगम को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व सम्बंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ने सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरण के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक सेवा केंद्र अन्तर्गत प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।


कलेक्टर।

## कोरबा मार्केट






**खबर संक्षेप**



## नेता प्रतिपक्ष डॉ.महंत से कांग्रेसियों ने की मुलाकात

**कोरबा।** नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत सोमवार को जिले के दौरे पर रहे। डॉ.महंत का जिले में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रमों के समापन के बाद, स्थानीय कांग्रेस नेता उनके निवास पर पहुंचे। यहां नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने संगठन और क्षेत्र के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर लगभग दो-तीन घंटे तक गहन चर्चा की। बैठक में सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेश सहगल, पूर्व पार्षद धरम निर्मले, पूर्व सभापति संतोष राठौड़, पार्षद रवि चंदेल, सांसद प्रतिनिधि किरण चौरसिया और युवा नेता विकास डालमिया सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास सर्वेक्षण की समय सीमा 15 तक

**कोरबा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा बढ़ाकर 15 मई तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा को बढ़ाकर 15 मई तक कर दी गयी है पहले यह सर्वेक्षण 30 अप्रैल तक निर्धारित था। सरकार ने यह निर्णय राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर लिया है। ताकि सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता और व्यापकता के साथ सपन्न किया जा सकें। इस पहल का उदेश्य हर पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करना है। जिन्हें अब तक पक्के आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य वर्ष 2028 सभी के लिए आवास उपलब्ध कराना है। यह योजना आर्थिक रूप से गरीब/कमजोर ग्रामीण परिवारों को स्थायी और सुरक्षित पक्का आवास प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# प्राकृतिक पुन:उत्पादन विधि से वन विभाग तैयार करेगा जंगल

**कोरबा वन मंडल के विभिन्न परिक्षेत्रों में बीज संग्रहण जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

वैसे तो हर साल वर्षा ऋतु आने पर वन विभाग द्वारा जंगल में खाली पड़ी वन भूमि में लाखों की तादाद में पौधों का रोपण किया जाता है लेकिन हम आपको बता दें कि इस साल वन विभाग पौधों का रोपण करने की वजह जंगल की खाली पड़ी जमीनों में प्राकृतिक पुर्नउत्पादन विधि से बीजों को लगाकर पौधे तैयार करेगी इसके लिए वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। आने वाले वर्षा ऋतु में वन विभाग प्राकृतिक उत्पादन के माध्यम से बीजों को डालकर पौधे तैयार करेगी।

उल्लेखनीय है कि हर साल बारिश शुरू होते ही जून और जुलाई के महीने में वन विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर वन भूमि के खाली पड़ी जमीनों में पहले से तैयार किए गए पौधों का रोपण किया जाता है और यही पौधे धीरे-धीरे बड़े होकर वृक्ष का रूप धारण करते हैं लेकिन इस बार वन विभाग जंगल की खाली पड़ी जमीनों पर पौधारोपण नहीं करेगा बल्कि प्राकृतिक पुर्नउत्पादन के माध्यम से बीजों को लगाकर पौधे तैयार करेगी। वन विभाग से मिले जानकारी के मुताबिक जिन इलाकों में जिन पेड़ों की बहुत संख्या है उन इलाकों की खाली पड़ी जमीनों में ही वन विभाग ट्रैक्टर या अन्य संसाधनों के माध्यम से जमीनों पर गड्ढा करेगी और जैसे ही बारिश शुरू होगी वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम उन इलाकों में पहुंचेगी और पहले से एकत्रित किए गए पेड़ों के बीजों को उस इलाके में गड्ढों में डाल दिया जाएगा और उनका धीरे-धीरे प्राकृतिक पुर्नउत्पादन के माध्यम से यह पौधे अपने आप जंगल में तैयार हो जाएंगे।



### इन प्रजातियों को किया जाएगा तैयार

वन विभाग के एसडीओ आशीष खेलवार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार कोरबा वनमंडल में प्राकृतिक पुर्नउत्पादन विधि से बीज लगाया जाएगा और जिस इलाके में जिन वृक्षों की बहुलता है उस इलाके में उस बीज का रोपण उस इलाके से उठाकर इस इलाके में रोपण किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से कोरबा वनमंडल में इस बार प्राकृतिक पुर्नउत्पादन के लिए महुआ, अर्जुन, बेल, बेहरा, चार, साल, साजा, बीजा के बीज का संग्रहण किया गया है। जहां जिस इलाके में पेड़ों की बहुलता है इस इलाके में इन बीजों को लगाया जाएगा। साथ ही यह भी बताया जाता है कि प्राकृतिक पुर्नउत्पादन विधि से किए जाने वाले बीजों के रोपण में अन्य विधि से किए जाने वाले पौधों पर रोपण में लागत कम आती है और प्राकृतिक पुर्नउत्पादन में पौधे बहुत तेजी से बड़े होते हैं।

## पहले सभी अनुषंगी कंपनियों व एरिया स्तर की कमेटियों की होती थी नियमित बैठक

# कोल इंडिया में कई कमेटियां, फिर भी लंबित हैं कर्मियों से जुड़े कई मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक समय वह भी था जब कोल इंडिया के अलावा उसके सभी अनुषंगी कंपनियों व एरिया व परियोजना स्तर के सभी कमेटियों में कोल कर्मियों के सभी सुख सुविधा के अलावा खदानों के रखरखाव पर भी चर्चा होती थी। श्रमिक संगठनों के दबाव के बाद प्रबंधकीय स्तर पर इसका असर भी दिखता था। लेकिन अब प्रबंधन अपनी जरूरत के अनुसार मजदूर संगठनों के साथ बैठक व वार्ता करता है।

**खास बात**

- कोल कर्मियों की सुख सुविधा व खदानों के रखरखाव पर होती थी चर्चा

पहले किसी कंपनी में नये सीएमडी या किसी एरिया में नया जीएम पदभार ग्रहण करते थे तो सीसीएल स्तरीय जेसीसी तथा जीएम एरिया स्तर पर एसीसी की मीटिंग बुलाकर श्रमिक संगठनों के नेताओं से परिचय लेते थे, लेकिन अब अधिकारी के पदभार ग्रहण करने के बाद श्रमिक संगठनों के नेताओं में ही उन्हें पुष्पगुच्छ देने की होड़ मच जाती है। अब तो कई एरिया में ऐसे लोग भी एरिया स्तर की सभी कमेटियों में शिरकत करते हैं, जो ठेका पद्धति में लगे हैं। कोल इंडिया स्तर की कई कमेटियों के बावजूद कर्मियों से जुड़े कई आम मुद्दे लंबित पड़े हैं। इसमें मुख्य रूप से मेडिकल अनफिट का मामला है, जो वर्ष 2016 से कोल इंडिया में बंद है। इसके अलावा पेंशन रिवीजन का मामला लंबित है। 11वें वेतन समझौता की पेंशन रिविजन नहीं हो पाई है। कुछ मामले सीएमपीएफ के कारण तो कुछ यूनिट की लापरवाही के कारण लंबित है। सेवानिवृत्त 14 हजार कर्मियों को 1 जनवरी 2017 से लागू 20 लाख रुपडे ग्रेज्युटी राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। वहीं सीपीआरएमएस कोष में फंडा की कमी है। सेवानिवृत्त कर्मियों के आवास लीज का मामला भी अधर में है। छोटे-छोटे चारपहिया वाहन चालकों के वेज का सवाल तथा ठेका मजदूरों को हाई पावर कमेटी की अनुशंसा के अनुसार वेज व अन्य सुविधाएं दिलाने की लड़ाई अब तक जारी है।



फाइल फोटो

### ये हैं कोल इंडिया स्तर की कमेटियां

कोल इंडिया स्तर पर कोल इंडिया एपेक्स, वेलफेयर, सेप्टी कमेटी के अलावा जेबीसीसीआई मानकीकरण सीपीआरएमएस तथा प्राकृतिक आपदा कमेटिया हैं, कोल इंडिया एपेक्स, वेलफेयर सेफ्टी कमेटी की बैठक साल में दो बार किये जाने का प्रावधान है। कोल इंडिया एपेक्स की बैठक में मुख्य रूप से उत्पादन-उत्पादकता पर चर्चा होती है। इसके अलावा कोल कर्मियों के नीतिगत मुद्दों पर प्रस्ताव रखा जाता है, कोल इंडिया वेलफेयर कमेटी की बैठक में मजदूरों के आवास, पानी, स्वास्थ्य, बिजली सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होती है, जबकि कोल इंडिया इंडिया सेप्टी कमेटी की बैठक में खदानों की सुरक्षा को लेकर चर्चा होती है, जेबीसीसीआई मानकीकरण कमेटी की बैठक में कोयला मजदूरों के वेतन समझौता के सभी मामलों को इम्प्लीमेंट किया जाता है। सीपीआरएमएस की बैठक में सेवानिवृत्त कोलकर्मियों की हेल्थ सुविधा को लेकर चर्चा की जाती है।

### सीसीएल स्तर पर भी हैं कई कमेटियां

सीसीएल स्तर पर भी जेसीएसी, वेलफेयर सेफ्टी कमेटी और एरिया परियोजना स्तर पर एसीसी वेलफेयर सेप्टी, हाउसिंग कमेटी होती है। कंपनी स्तर पर जेसीएसी, वेलफेयर व सेप्टी कमेटी की बैठक साल में हर तीन माह में होनी है, लेकिन कभी भी इसकी नियमित बैठकें नहीं होती है। वहीं एरिया व परियोजना स्तर पर भी एसीएसी, पीसीसी, वेलफेयर व सेपटी कमेटी की बैठक नहीं होती है। कई एरिया में हाउसिंग कमेटी नहीं है। सेप्टी कमेटी की बैठक दो स्तर पर होती है, एक ट्राईपरटाइट तथा दूसरा बाइपरटाइट ट्राईपस्टाइट में डीजीएमर, प्रबंधन व यूनियन के लोग रहते हैं, जबकि ट्राईपरटाइट में सिर्फ डीजीएमएप्स व प्रबंधन के लोग रहते हैं। सेपटी की की बैठक भी डीजीएमएस की उपलब्धता के अनुसार प्रबंधन करता है। सीसीएल स्तर पर भी कमेटियों की बैठक नियमित नहीं होने से कई समस्या हैं। खासकर मजदूर आवासी की मरम्मत, नालियों व गार्बेज की सफाई, पेयजलापूर्ति व्यवस्था, ठेका मजदूरों की समस्याएं, सुरक्षा के दृष्टिकोण से खदानों का रखरखाव प्रदूषण आदि विषयों पर ठोस प्लान नहीं बन पाता है।

### क्या कहते हैं श्रमिक नेता

प्रबंधन व मजदूर संगठन मजदूर व माइस समस्याओं को लेकर गंभीर तथा संवेदनशील रहते थे। पहले सभी कमेटियों की नियमित बैठक आयोजित होती थी। पर अब जैसे-जैसे आउटसोर्स का दौर बढ़ रहा है, मजदूर समस्याएं बढ़ रही है।

**-लखनलाल महतो**, एटक

सीसीएल व एरिया स्वर पर रन करने वाली कमेटियों की बैठक नियमित नहीं होने से मजदूर समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता है। कई मुद्दे ऐसे हैं जिन पर बैठक नहीं होने से चर्चा नहीं हो पाती।

**-रवींद्र कुमार मिश्रा**, भारतीय मजदूर संघ

## प्रियंक फेम आफ छत्तीसगढ़ सीजन 5 के बने विजेता



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के फैशन और टैलेंट को नया मंच देने वाला कार्यक्रम फेम आफ छत्तीसगढ़ सीजन 5 इस बार और भी भव्य अंदाज़ में एपी प्रोडक्शन द्वारा 36 मॉल, बिलासपुर में 11 मई को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से चयनित युवा प्रतिभाओं ने रैंप पर अपने हुनर का जलवा बिखेरा। इस साल के खिताब विजेता प्रियांक लाल, आकांक्षा तिर्की दोनों ने रैंप वॉक, प्रश्नोत्तर और प्रेज़ेन्स राउंड में शानदार प्रदर्शन कर निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रियंक ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया और अपनी मेहनत का फल पाया। उनकी इस सफलतापर जिला और आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। प्रियंक ने पहले भी कई प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है और सफलता प्राप्त की है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो किशोर झुलसे, अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले कई दिनों से लगातार मौसम में बदलाव और तेज आंधी बारिश के साथ आकाशीय बिजली चमक होते रही है। सोमवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ और आंधी बारिश शुरू होने पर घर के आंगन में खेल रहे दो किशोर अपने घर के समीप स्थित कदम पेड़ के नीचे रुके हुए थे इसी दौरान तेज आकाशीय बिजली चमकी और सीधे कदम पेड़ के उपर आ गिरी जिसकी जद में आने से दोनों किशोर गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है।

**खास बात**

- उरगा थाना के ग्राम कुरूडीह में देर शाम हुई थी घटना

जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरूडीह निवासी मनीष कुमार कश्यप 15 वर्ष पिता सुंदरलाल कश्यप, लोकेश कर्ष 11 वर्ष पिता सुकृत कुमार कर्ष सोमवार की शाम अपने घर के समीप आंगन में कंचे खेल रहे थे। इसी दौरान मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज आंधी बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए मनीष और लोकेश दोनों अपने घर के समीप स्थित कदम पेड़ के नीचे जाकर शरण लिए थे। इसी दौरान तेज आकाशीय बिजली चमकी और सीधे कदम पेड़ के ऊपर आ गिरी जिसकी चपेट में आने से दोनों किशोर मनीष कश्यप व लोकेश कर्ष झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही उनके परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी। जहां डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मनीष कश्यप व लोकेश कर्ष को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। जहां दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# महिला ने दूसरी महिला की कर दी हत्या, गिरफ्तार



मृत महिला, विवेचना करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक महिला के परिजन अल सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गए हुए थे। इस दौरान महिला घर पर अकेली थी जब परिजन तेंदूपत्ता तोड़कर वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि महिला की लाश औंधेमुंह पड़ी हुई थी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने इस मामले में पास के ही गांव में रहने वाली महिला को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। महिला ने हत्या क्यों और किस लिए की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

जानकारी के अनुसार पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बैरा भोड़ाद्वारी निवासी पखली बाई 50 वर्ष उसके परिजन मंगलवार की सुबह तेंदूपत तोड़ने के लिए जंगल गए हुए थे। इस दौरान पखली बाई अपनी 7 वर्षीय नातीन दिशा के साथ घर पर अकेली थी। इस दौरान पास के गांव उतरदा निवासी सुमित्रा बाई 45 वर्ष उसके घर पहुंची थी और पखली बाई से उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया और सुमित्रा बाई ने पखली बाई की पीट-पीट कर हत्या कर दी। हत्या किस लिए और क्यों की है स्पष्ट नहीं हो पाया है संभावना जताई जा रही है कि दोनों संभवतः शराब के नशे में धुत्त हुए और किसी बात को लेकर विवाद होने पर सुनिता ने पखली की हत्या की है। पुलिस ने सुमित्रा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## 22 हाथियों का दल पहुंचा सलेयाडीह जंगल

**अम्बिकापुर।** पिछले एक सप्ताह से वन परिक्षेत्र धौरपुर में भ्रमण कर रहा 22 हाथियों का दल विकासखंड बतौली अंतर्गत सलेयाडीह जंगल में दाखिल हो गया है। दल के सीतापुर जंगल के रास्ते जशपुर वन मंडल अंतर्गत बगीचा की ओर जाने की संभावना जताई जा रही है। हाथियों का दल एक सप्ताह पूर्व बलरामपुर वनमंडल से धौरपुर रेंज में पहुंचा था। भ्रमण के दौरान हाथियों ने दो झोपड़ी ढहाने के साथ ही ग्राम परोरा, अगासी, देवरी, मधुपारा, खड़ौली एवं नवाडीह में 6 एकड़ से अधिक मक्के की फसल को तबाह किया है। सोमवार की सुबह सलयाडीह जंगल में दस्तक देने के बाद हाथियों ने बांध में शावकों के साथ घंटों जलक्रीडा की तथा जंगल में चले गए। अभी तक हाथियों ने आबादी क्षेत्र में कोई क्षति नहीं पहुंचाई है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून, 16 अगस्त,
06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिज़ायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 ग्राम
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग
रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।